# सरकारी हॉईस्कूल करेकट्टे, चन्नगिरी तालुका।

## प्रथम योगात्मक आकलन : सितंबर - 2025

**विषय:हिंदी　　कक्षा:नौवीं　　अंक:80　　समय:3-00 घंटे**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार - चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द -
   [A] दरवाज़ा　[B] झंडे　[C] ओढ़नी　[D] थाली
2. 'स्वदेश' का विरुद्धार्थ शब्द -
   [A] प्रदेश　[B] शहर　[C] गाँव　[D] विदेश
3. 'औरत' शब्द का पर्यायवाची शब्द है -
   [A] महिला　[B] पुरुष　[C] मानव　[D] मनुष्य
4. 'विद्यालय' शब्द में संधि है -
   [A] गुण संधि　[B] दीर्घ संधि　[C] यण् संधि　[D] अयादि संधि
5. निम्नलिखित में से 'स्त्रीलिंग' शब्द है -
   [A] ब्राह्मण　[B] बेटी　[C] पुतला　[D] अकेला
6. 'पानी पिलाना' मुहावरे का अर्थ है -
   [A] बुरा होना　[B] क्रोधित होना　[C] पानी आना　[D] सबक सिखाना
7. निम्नलिखित में से 'संज्ञा' शब्द -
   [A] तुम　[B] वे　[C] घोड़ा　[D] मुझे
8. कब से ऐसा होता आ रहा है ?
   वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है -
   [A] प्रश्नवाचक　[B] पूर्ण विराम　[C] भावसूचक　[D] योजक चिन्ह

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4**

9. विवेकानंद के पिता : विश्वनाथ दत्त :: माता : .......................
10. नोंगक्रेम : नृत्य :: बेहडेनखलाम : .......................
11. भीम : मानव :: बकासुर : .....................
12. लाल रंग : रुकना :: हरा रंग : ........................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4**

13. झंडा किससे बना ?
14. दोपहर होने पर मौसी कहाँ पहुँच जाती थी ?
15. कवि किस देवी की वंदना कर रहे हैं ?
16. आज किसको बचाने की माँग है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. भाई को बहन कैसे विदा करती है ?
18. विवेकानंद की रुचि किन-किन विषयों में थी ?
19. मौसी बच्चों को कौन-कौन-सी कहानियाँ सुनाती थी ?
20. मॉसमाई गाँव की गुफाएँ कैसी हैं ?
21. दुर्घटना से बचने के कोई दो उपाय लिखिए।
22. परिसर की रक्षा के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ?
23. कल्पना चावला का जन्म कहाँ हुआ ? उसे प्यार से पूरा देश क्या कहता है ? **अथवा**

कल्पना की बचपन की क्या आकांक्षा थी ?

24. बाबू भाई ने किन-किन से मदद माँगी? **अथवा** बाबू भाई मन-ही-मन क्या सोचने लगे?

V. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** **9 × 3 = 27**

25. विवेकानंद ने भारत वासियों को क्या उपदेश दिया ?
26. 'माइती बाजार' के बारे में तीन वाक्य लिखिए।
27. ब्राह्मण के घर में सब लोग क्यों रो रहे थे ?
28. विवेकानंद ने जनता को ललकार कर क्या कहने को कहा ?
29. भाई को गिरते देखकर बहन ने क्या किया ?
30. चौराहों पर दिए गए संकेतों को विस्तार से बताइए।
31. "दिल में आग दबाकर" का मतलब क्या है ?
32. निम्नलिखित कविता का भावार्थ लिखिए :

ध्वनि, मिट्टी, जलवायु आदि
जीव जगत के मित्र सभी।
इनकी रक्षा करना,
अब कर्तव्य हमारा।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

सब लोग अपनी बारी भुगतते हैं। न भुगते तो वह राक्षस सारे नगर को उजाड़ दे। हज़ारों मनुष्यों को एक साथ खा जाए।

VI. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. मौसी की खुशी जीवन का वर्णन कीजिए। **अथवा**
बच्चों ने मिलकर मौसी की सेवा किस प्रकार की ?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

जय-जय ................................
.............................................
.............................................
.............................................
................................ हरा-भरा।

VII. 36 **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **4 × 1 = 4**

सालुमारदा तिम्मक्का का नाम आज कर्नाटक के कोने-कोने में व्याप्त है।तिम्मक्का का जन्म तुमकूर ज़िला , गुब्बी तालुका में एक छोटे से गाँव कक्केनहल्ली में हुआ। उनके पिता चिक्करंगय्या और माता विजयम्मा थे। तिम्मक्का इनकी छ: संतानों में से एक थी। तिम्मक्का के माँ-बाप मेहनत-मजदूरी करते हुए अपना पेट पालते थे।

(क) तिम्मक्का का जन्म कहाँ हुआ ? (ख) तिम्मक्का के माता-पिता कौन थे ?
(ग) तिम्मक्का के माता-पिता अपना पेट कैसे पालते थे ?
(घ) किनका नाम कर्नाटक के कोने-कोने में व्याप्त है ?

VIII. 37. **किसी एक विषय के बारे में 12 - 15 वाक्यों में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

(क) पर्यावरण की रक्षा (ख) अनुशासन का महत्व (ग) राष्ट्रभाषा हिंदी

IX. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. दो दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए : **अथवा**
परीक्षा तैयारी के बारे में अपनी माताजी को पत्र लिखिए :

# सरकारी हॉईस्कूल करेकट्टे, चन्नगिरी तालुका।

## प्रथम योगात्मक आकलन : सितंबर - 2025

**विषय:हिंदी कक्षा:नौवीं अंक:80 समय:90मिनट**

### उत्तर पत्रिका :

| क्र.सं. | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. 1. | B. झंडे | 1 |
| 2. | D. विदेश | 1 |
| 3. | A. महिला | 1 |
| 4. | B. दीर्घ संधि | 1 |
| 5. | B. बेटी | 1 |
| 6. | D. सबक सिखाना | 1 |
| 7. | C. घोड़ा | 1 |
| 8. | A. प्रश्नवाचक | 1 |
| II. 9. | भुवनेश्वरी देवी | 1 |
| 10. | उत्सव | 1 |
| 11. | राक्षस | 1 |
| 12. | रुकना | 1 |
| III. 13. | झंडा पुरानी ओढ़नी से बना। | 1 |
| 14. | दोपहर होने पर मौसी स्कूल के फाटक पर पहुँच जाती थी। | 1 |
| 15. | कवि भारत माता देवी की वंदना कर रहे हैं। | 1 |
| 16. | आज पर्यावरण को बचाने की माँग है। | 1 |
| IV. 17. | बहन ने भाई के माथे पर तिलक लगाया, चावल बिखराए। तब भाई ने बहन के पैर छुए और विदा ली। बहन ने भाई के सिर पर हाथ फेरा और बलैयाँ लीं। | 2 |
| 18. | कुश्ती लड़ने, दौड़ लगाने, घुड़सवारी करने और तैरने में उन्हें बड़ा आनंद मिलता था। वे संगीत एवं खेल-कूद की प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया करते थे। | 2 |
| 19. | मौसी बच्चों को कहानियाँ, चुटकुले और पहेलियाँ सुनाना बहुत पसंद था। वह तोता-तोते की कहानी, काठ के घोड़े के कहानी, वीरोचित कहानी आदि सुनाती थी। | 2 |
| 20. | मॉसमाई गाँव की गुफाएँ इतनी अंधेरी है कि मशाल या टॉर्च जलाए बिना उन में प्रवेश नहीं कर सकते। | 2 |
| 21. | दुर्घटना से बचने के लिए हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाना चाहिए। सड़क पर किसी के साथ दुर्घटना हो जाए तो उस व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुँचाना चाहिए। | 2 |
| 22. | परिसर की रक्षा के लिए हमें वृक्ष लगाना चाहिए, प्रदूषण नहीं फैलाना चाहिए, रोज एक वृक्ष लगाने की शपथ करना चाहिए। | 2 |
| 23. | कल्पना चावला का जन्म हरियाणा के करनाल नगर में हुआ। प्यार से उसे पूरा देश 'अंतरिक्ष-परी' कहता है। अथवा<br>कल्पना अत्यंत सौम्य स्वभाव की महिला थी। बचपन से उसकी एक ही आकांक्षा थी चाँद सितारों को छूना।<br>बाबू भाई ने माली से विनती की। उसने मना कर दिया फिर एक ऊँटवाले को मदद करने के लिए कहा। और अंत में एक घुड़सवार से मदद करने की याचना की। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 24. | अथवा<br>बाबू भाई मन ही मन सोचने लगे कि ने आखिर पचास पैसे तो पूरे पचास पैसे है। वैसे भी मेरी टाँगों में अभी भी दम है। | 2 |
| V. 25. | स्वामी विवेकानंद अंधविश्वास तथा रूढ़ियों को हटाकर धर्म का वास्तविक मर्म समझाया। साधु-सन्यासी वर्ग को उन्होंने शांति प्राप्त करने का नया मार्ग जताया। अज्ञान, अशिक्षा, विदेशी अनुकरण, दास्य मनोभाव से आदि के बुरे प्रभावों का बोध कराया। | 3 |
| 26. | मणिपुर की राजधानी इम्फाल में माइती बाजार देखने को मिलती है। माइती बाजार को माँ का बाजार कहते हैं। यहाँ वर्ग-भेद नहीं मिलता। यह के बाजार में अमीर और गरीब घरों की स्त्रियाँ सामान की बिक्री करती नजर आती है। | 3 |
| 27. | राक्षस ने लोगों से एक गाड़ी अन्न, दो भैंसे और एक आदमी को रोज लेता था। लोगों ने मिलकर बारी बाँध ली थी। अब ब्राह्मण की बारी थी। उनके घर में पत्नी, बेटी और एक बच्चा था। राक्षस के पास कौन जाएगा ? यह सोचकर सब लोग दुख से रो रहे थे। | 3 |
| 28. | - "प्यारे देशवासियों वीर बनो और ललकार कर कहो कि मैं भारतीय हूँ। अनपढ़ भारतीय, निर्धन भारतीय, ऊँची जाति का भारतीय, नीच जाति का भारतीय सब मेरे भाई है। उनकी प्रतिष्ठा मेरी प्रतिष्ठा है। उनका गौरव मेरा गौरव है।" | 3 |
| 29. | बहन ने भाई को गिरते देखकर दौड़ पड़ी। भाई का शरीर खून से लथपथ पड़ा था। वह पुकारती रही "भैया!भैया!"<br>भाई के प्राण मानो यह अमृतवाणी सुनकर लौट पड़े। वह बोला, तू आ गई, यह झंडा ले।" | 3 |
| 30. | सड़क पार करते समय चौराहों पर ट्रैफिक के संकेत दिखाई देते हैं। उसे हमें ध्यान से समझना होगा। ट्रैफिक के तीन संकेत होते हैं लाल, हरी, और पीली बत्ती। लाल बत्ती रुकने का संकेत देती है, हरी बत्ती चलने का और पीली बत्ती सचेत रहने का संकेत देती है। | 3 |
| 31. | " दिल में अपने आज दबाकर" का मतलब है - भारत माँ स्वयं अनेक कष्टों को सहते हुए हमें हरे-भरे, स्नेह तथा सुख-संतोष से रखी है। | 3 |
| 32. | निम्नलिखित पंक्तियों को 'पर्यावरण बचाओ' कविता से ली गई है। प्रस्तुत कविता में शुक्ल जी कहते हैं कि ध्वनि, मिट्टी और जलवायु आदि सभी जीव जगत के मित्र हैं। इन सभी का रक्षा करना अब हमारा कर्तव्य है। आवाज और मिट्टी का संकट हम सभी मिलकर दूर करना चाहिए। यह इसका भावार्थ है। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 33. | ಪ್ರತಿಯೊಬ್ಬರೂ ತಮ್ಮ ಸರದಿಯನ್ನು ಅನುಭವಿಸುತ್ತಾರೆ. ಅವರು ಅನುಭವಿಸದಿದ್ದರೆ ಆ ರಾಕ್ಷಸ ಇಡಿ ನಗರವನ್ನು ನಾಶಪಡಿಸುತ್ತಿದ್ದನು. ಮತ್ತು ಸಾವಿರಾರು ಮನುಷ್ಯರನ್ನು ಒಂದೇ ಬಾರಿಗೆ ತಿನ್ನುತ್ತಿದ್ದನು. | 3 |
| VI. 34. | मौसी फिर से स्कूल के आँगन में आने लगी। बच्चे उसे घेरे रहते और वह उन्हें कहानियाँ सुनाती। कभी-कभी लाठी टेकती हुई मोहल्ले का चक्कर काटती, सभी घरों में झाँक उनका कुशल-क्षेम पूछती। साँझ ढले अपनी कोठरी में चली आती और चैन की साँस लेती। अथवा<br>मौसी को सीधे नीम के पेड़ के नीचे ले आए। कन्हैया भागकर अपने घर से दरी और तकिया लाया। उषा थाली में दो रोटियाँ लायीं। योगराज एक कटोरे में दूध लाया। गोपाल घर से लैंप उठा लाया। मुन्नी पीने के लिए पानी लायी। बलदेव के पिता डॉक्टर थे वह अपने पिता को क्लीनिक से खींच लाया "मौसी बीमार है। आप जल्दी चलकर देखिए।" | 4 |
| 35. | जय-जय भारत माता।<br>ऊँचा हिया हिमालय तेरा<br>उसमें कितना स्नेह भरा,<br>दिल में अपने आगे दबाकर<br>रखता हमको हरा-भरा। | 4 |
| VII. 36. | (क) तिम्मक्का का जन्म तुमकूर ज़िला, गुब्बी तालुका में एक छोटे से गाँव कक्केनहल्ली में हुआ ।<br>(ख) तिम्मक्का के पिता चिक्करंगय्या और माता विजयम्मा थे।<br>(ग) तिम्मक्का के माँ-बाप मेहनत-मजदूरी करते हुए अपना पेट पालते थे।<br>(घ) तिम्मक्का का नाम कर्नाटक के कोने-कोने में व्याप्त है। | 4 |
| VIII.37. | पर्यावरण की रक्षा: * प्रस्तावना * पर्यावरण का अर्थ * पर्यावरण का महत्व * रक्षा करने के उपाय * उपसंहार<br>अनुशासन का महत्व: * प्रस्तावना * अनुशासन का अर्थ * अनुशासन का महत्व * उपसंहार<br>राष्ट्रभाषा हिंदी: * प्रस्तावना * हिंदी भाषा का महत्व * संविधान में हिंदी भाषा की स्थान * उपसंहार | 4 |
| IX. 38. | व्यवहारिक पत्र : * प्रेषक का पता * पत्र पाने वाले का पता * विषय * संबोधन * पत्र का कलेवर * समाप्ति<br>अथवा<br>पारिवारिक पत्र : * प्रेषक का पता व दिनांक * संबोधन एवं अभिवादन * पत्र का कलेवर * समाप्ति * पत्र पाने वाले का पता | 5 |

विषय शिक्षक का हस्ताक्षर: मुख्य शिक्षक का हस्ताक्षर: